कार्यालय सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश प्रयागराज।

विज्ञप्ति

सर्व सम्बन्धित की जानकारी हेतु एतदद्वारा प्रसारित किया जाता है कि दिनांकः 22 जनवरी 2025 से 30 जनवरी 2025 के मध्य आयोजित होने वाली राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की JEE (Main)-2025 परीक्षा के दृष्टिगत माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज द्वारा संचालित होने वाली वर्ष 2025 की इण्टरमीडिएट की प्रयोगात्मक परीक्षा कार्यक्रम निम्नांकित विवरणानुसार संशोधित किया जाता हैः–

प्रथम चरण– **01 फरवरी, 2025 से 08 फरवरी 2025 तक**	**मण्डल का नाम–** **अलीगढ़, मेरठ, मुरादाबाद, कानपुर, प्रयागराज, मिर्जापुर, वाराणसी तथा गोरखपुर**
द्वितीय चरण– **09 फरवरी, 2025 से 16 फरवरी, 2025 तक**	**मण्डल का नाम–** **आगरा, सहारनपुर, बरेली, लखनऊ, झांसी, चित्रकूट, अयोध्या, आजमगढ़, देवीपाटन तथा बस्ती**

अतएव इण्टरमीडिएट प्रयोगात्मक परीक्षा के सम्बंध में पूर्व में निर्गत विज्ञप्ति पृष्ठांकन संख्या मा०शि०प०/सिस्टम सेल/651/दिनांक 20 दिसम्बर, 2024 को उक्त सीमा तक संशोधित माना जाय। प्रयोगात्मक परीक्षा संचालन हेतु शेष निर्देश यथावत रहेंगे।

18/1/2025
(भगवती सिह)
सचिव

पृ0सं0 : मा0शि0प0/सिस्टम सेल/756-7 /दिनांकः 18 जनवरी, 2025

उक्त विज्ञप्ति की प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1 सम्पादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि इस विज्ञप्ति को जनहित में अपने समाचार पत्र के समस्त संस्करणों के मुख्य पृष्ठ पर निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

2 निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, माध्यमिक शिक्षा, अनुभाग–7, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।

3 महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

4 शिक्षा निदेशक (मा0) एवं सभापति, मा0शि0प0, शिविर कार्यालय, लखनऊ।

5 मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, समस्त मण्डल, उत्तर प्रदेश को इस आशय से कि वे अपने अधीनस्थ जिला विद्यालय निरीक्षकों को उक्तानुसार कार्यवाही हेतु अपने स्तर से भी निर्देशित कर दें।

6 जिला विद्यालय निरीक्षक, समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश को इस निर्देश के साथ प्रेषित है कि विज्ञप्ति का व्यापक प्रचार–प्रसार कराना सुनिश्चित करें ।

7 अपर सचिव, मा0शि0प0, क्षे0का0 मेरठ, बरेली, प्रयागराज, वाराणसी एवं गोरखपुर को इस निर्देश के साथ प्रेषित है कि विज्ञप्ति का व्यापक प्रचार–प्रसार करने के साथ–साथ उपर्युक्त संशोधित कार्यक्रमानुसार अपने परिक्षेत्र की प्रयोगात्मक परीक्षा की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करायें।

18/1/2025

(भगवती सिंह)
सचिव